53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.6°c अधिकतम 38.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:27, सूर्यास्त - 7:03 | वर्ष : 53/ अंक : 132 | बुधवार, 14 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिनका स्वभाव अच्छा होता है, उन्हें कभी प्रभाव दिखाने की जरूरत नहीं पड़ती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पाकिस्तान को पीओके खाली करना ही पड़ेगा : विदेश मंत्रालय



मिसाइलों के भूत.... मशवरों से नहीं मानते......

# 12वीं में शौर्य रघुवंशी तो 10वीं में यतिका अरोरा बने जिला टॉपर

**12वीं में एसडी की उत्तरा दूसरे व शारदेन की आन्या का तीसरा स्थान**

**10वीं में एसडी पब्लिक की छात्रा यतिका द एसडी के अर्नव त्यागी ने मारी बाजी**

**एमजी पब्लिक के आरव शर्मा ने जनपद में कब्जाया तीसरा स्थान**



12वीं

शौर्य रघुवंशी (99.4%)



10वीं

यतिका अरोरा (99.4%)



10वीं

अर्नव त्यागी (99.4%)

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मंगलवार को घोषित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम एक बार फिर दोनों ही कक्षाओं में जनपद के टॉपर 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ घोषित हुए। इस बार मुजफ्फरनगर जनपद में 12वीं यानि इंटरमीडिएट में लालूखेड़ी स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य रघुवंशी ने जिला टॉप करते हुए कई वर्षों से चले आ रहे छात्राओं के मिथक को तोड़ने का काम किया, वहीं हाईस्कूल में इस बार एसडी पब्लिक स्कूल की छात्रा यतिका अरोरा ने जनपद टॉपर की सूची में अपना नाम दर्ज कराने के साथ सफलता का कीर्तिमान स्थापित किया। जनपद में घोषित परीक्षा परिणाम के जारी होते ही परीक्षार्थियों के साथ सभी अभिभावकों की सांसें काफी देर तक परिणामों को लेकर अंतिम दौर तक अटकी रही।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम मंगलवार को अचानक ही जारी होने से विद्यार्थियों में जोश के साथ ही उत्साह दिखाई दिया। दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी हुआ, उसके साथ ही बोर्ड परीक्षार्थियों सहित स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों में हलचल सी दिखाई दी। बीते वर्ष भी इसी तिथि को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए थे। 12वीं की

शेष : पृष्ठ - 4 पर

## सीबीएसई बोर्ड की 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में जनपद के टॉपर छात्र-छात्राओं की सूची

| | |
|---|---|
| शौर्य रघुवंशी | - 99.4% ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल लालूखेडी |
| उत्तरा मलिक | - 98.8% एसडी पब्लिक स्कूल |
| अदिति गर्ग | - 98.6% होली एंजिल्स कांवेंट स्कूल |
| आन्या | - 98.4% शारदेन स्कूल |
| एंजल शर्मा- | - 98.0% एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल |
| पूर्णिमा गोयल | - 97.8% एसडी पब्लिक स्कूल |
| अग्रिम गुप्ता | - 97.8% मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना |
| आर्यन राज वर्मा | - 97.6% एसडी पब्लिक स्कूल |
| सृष्टि जैन | - 97.4% केकेडी पब्लिक स्कूल फलावदा |
| राधा तायल | - 97.4% दि एसडी पब्लिक स्कूल |
| जिया जैन | - 97.2% एमजी पब्लिक स्कूल |
| जेसिका ग्रोवर | - 97.0% शारदेन स्कूल |

## एसडी पब्लिक की यतिका अरोरा ने जीत लिया खिताब

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए परीक्षा परिणामों में एसडी पब्लिक स्कूल में 10वीं में यतिका अरोरा 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद टॉपर के साथ विद्यालय टाप किया, वहीं दूसरे नंबर पर मान्यता अरोरा, तृतीय स्थान पर मनस्वी शर्मा, चौथे स्थान पर प्रिय राज ग्रोवर और पांचवे स्थान पर इशिका व शिवान अग्रवाल और सक्षम सिंघल छठें स्थान पर रहे। इसके अलावा 12वीं की परीक्षा में विज्ञान वर्ग में पूर्णिमा गोयल 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ में स्कूल की टॉपर रही। मंगलवार को एसडी पब्लिक स्कूल के घोषित सीबीएसई के परीक्षा परिणामों में विज्ञान वर्ग 12वीं में गोविन्द गर्ग व विपुल गोयल ने 96.2 प्रतिशत के साथ दूसरा, शांतनु वालिया ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा, गर्व तायल ने चौथा और रिद्धि गुलाटी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स वर्ग में आर्यन राज वर्मा 97.6 प्रतिशत, नव्या बंसल 96.6 प्रतिशत, मधुर जैन 94.6 प्रतिशत, शिवांश सिंह 93 प्रतिशत, अवि अग्रवाल 92.8 प्रतिशत और मानवी कोचर 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर सूची में नाम दर्ज कराने में सफल रही। इसके अलावा ह्युमैनिटीज वर्ग में उत्तरा मलिक जिले में दूसरा स्थान पाने के साथ विद्यालय की टॉपर रही। वहीं कायना त्यागी 97 प्रतिशत, परिधि रघुवंशी 96.6 प्रतिशत, अवंतिका सिंह 96 प्रतिशत, अनन्या 95.6 प्रतिशत और हसन मुजफ्फर काजमी ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय के टॉप फाइव में स्थान बनाने में कामयाब रहे।


D S PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi upto 12th )
Circular road near railway crossing, Muzaffarnagar (U.P.)
Ph. No. 9105200054, 8192895168, Email:- dspublicschool@rediffmail.com
D S Public School congratulates its meritorious students for their best result in C.B.S.E. Examination 2025

CLASS -X
SHAURAY BHARDWAJ 97.6% Hindi-98, I.T.-98, S.Sc-98
SHRADDHA KASHYAP 97.2% Mathematics-99, I.T.-99
SHUBH KARNWAL 96.8% Mathematics-99
DEVANSH KUMAR 95.8% I.T.-97
AVNI CHAUDHARY 95.2% I.T.-98
DHAARNA SHARMA 91.4% I.T.-99
SADIYA SHAHID 91% I.T.-95
GARGI KAUSHIK 89.6% I.T.-97
DHANI BALIYAN 88.6% Social Science-95
NAITIK ARORA 88.6% Social Science-95

CLASS -XII
VANSH ARYA 93.8% Hindi-98
PRERNA 91.6% Painting-97
KHUSHI 90.2% Phy.Edu.-100
AVANTIKA 88.8% Phy.Edu.-93
AYUSH PAL 88.2% Painting-100
ANAND RAJ ANAND Phy.Edu.-100
ARJUN KUMAR Phy.Edu.-98
ZAHEEN FATMA Painting- 95


# छोटे शहरों से भी बड़ी उड़ान, शामली की सावी जैन ने देशभर में किया टॉप

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी)।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के नतीजों में एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कियों का कुल पास प्रतिशत 96.71 रहा, जो लड़कों (93.76%) से कहीं बेहतर है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है और इस बार उत्तर प्रदेश के शामली जिले ने देशभर में नाम रोशन किया है। शामली की सावी जैन ने 500 में से 499 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉपर का खिताब अपने नाम किया है। सावी शामली के मौहल्ला शिव चौक की निवासी हैं और स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उनके पिता अंकित जैन स्थानीय स्तर पर फर्नीचर शोरूम संचालित करते हैं, जबकि उनकी माता कविता जैन गृहिणी हैं। अपनी इस सफलता पर सावी ने कहा- मेरी इस उपलब्धि के पीछे मेरे माता-पिता और शिक्षकों का बड़ा योगदान है, जब भी किसी



विषय में उलझन होती थी, वे मेरा मार्गदर्शन करते और मेरा मनोबल बनाए रखते थे। सावी पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखते हुए हर विषय को गहराई से समझने में विश्वास रखती हैं। उन्होंने बताया कि वे रोज पढ़ाई का एक निश्चित समय तय करती थीं और कठिन विषयों पर अतिरिक्त मेहनत करती थीं।

**सावी का सपना सिविल सर्विसेज**

सावी जैन का लक्ष्य सिर्फ अच्छे अंक लाना नहीं है। उनका सपना है कि वे आगे चलकर सिविल सर्विस में जाएं और देश की सेवा करें। सावी जैन का कहना है कि मैं प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हूं, ताकि जमीन से जुड़कर समाज के लिए काम कर सकूं। बता दें कि सावी जैन ने 500 में से 499 अंक प्राप्त किए हैं। वह देशभर में सीबीएसई 12वीं की ऑल इंडिया टॉपर बनीं हैं। वह स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, शामली की छात्रा हैं। परिवार, स्कूल और शहर में इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है।

**छोटे शहरों से भी बड़ी उड़ान**

इस बार 10वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल के छात्र धैर्य गर्ग 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बने। 12वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सावी जैन ने कला वर्ग में 99.8 प्रतिशत अंक पाकर जनपद टॉपर बनने के साथ ही ऑल इंडिया स्तर पर रैंक एक पर रहकर जनपद का नाम रोशन किया। सावी ने यह सिद्ध कर दिया है कि छोटे शहरों से भी बड़ी उड़ान भरी जा सकती है।

# फिर मिला अनैतिक कार्यों का अड्डा

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** पिछले एक साल से लगातार आधा दर्जन से अधिक अनैतिक अड्डे मुजफ्फरनगर में मिल चुके हैं। कभी महावीर चौक, कभी गांधी कॉलोनी, कभी नई मण्डी, कभी भोपा रोड तो कभी देहात क्षेत्र। लगातार कहीं न कहीं होटल और सैलून के नाम पर अनैतिक कार्य खुलकर हो रहे हैं। ये कार्य किसकी सह पर होते हैं, यह भी किसी को नहीं मालूम। बस जब किसी होटल अथवा सैलून की शिकायत होती है, तभी जाकर पुलिस को पता चलता है कि कौन सी जगह अनैतिक कार्य हो रहा है। ऐसा ही एक होटल नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में हाइवे पर ली ऑन के नाम से संचालित मिला। जैसे ही पुलिस ने मंगलवार को इस होटल में छापेमारी की, तो होटल मालिक ने पिछला गेट खोलकर कुछ युवक-युवतियों को वहां से चलता कर दिया, जबकि कुछ युवक व युवती मौके से ही पकड़े गए। बालिग होने के चलते पुलिस को इन युवक-युवतियों को छोड़ना पड़ा। फिलहाल पुलिस ने होटल के पिछले गेट को सील कर दिया है और मालिक को हिरासत में लेकर कार्यवाही की बात की है। आपको बता दें कि अभी तक जितने भी होटल इन कार्यों में लिप्त पाए गए हैं, उनमें से अधिकांश नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के ही हैं। इसके बावजूद भी लगातार इसी थाना क्षेत्र में अनैतिक कार्य होते दिख रहे हैं।




## मुंबई पुलिस को विस्फोट की धमकी

**मुंबई, 13 मई (वार्ता)** महाराष्ट्र पुलिस कंट्रोल रूम को मंगलवार को एक गुमनाम ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें अगले 48 घंटों में विस्फोट की चेतावनी दी गई है। पुलिस ने कहा कि ईमेल भेजने वाले ने स्थान या समय नहीं बताया, लेकिन महानगर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। जांच चल रही है तथा अधिकारी संदेश भेजने वाले का पता लगाने की दिशा में काम कर रहे हैं। नागरिकों से शांत तथा सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को देने का आग्रह किया गया है।

# शोपियां में सेना ने तीन आतंकवादियों को ढेर किया

**श्रीनगर, 13 मई (वार्ता )** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराया है। भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिलने के आधार पर शोकल केलर क्षेत्र में उन्होंने तलाश अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा, ''अभियान के दौरान, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों ने माकूल जवाब दिया। इस दौरान तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए।'' श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''13 मई 2025 को, शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने तलाश अभियान शुरू किया। तलाश अभियान के दौरान, आतंकवादियों ने सेना पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका जवानों ने माकूल जवाब दिया और तीन कट्टर



आतंकवादियों को मार गिराया।'' सेना ने कहा कि अभियान जारी है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता अभी नहीं चल पाया है। गौरतलब है कि पहलगाम हत्याकांड के बाद कश्मीर में यह पहली मुठभेड़ है। पहलगाम आतंकवादी हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारा गया था। इस बीच, 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के पोस्टर दक्षिण कश्मीर के कई जिलों में चिपकाए गए हैं। पोस्टरों में उन लोगों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा की गई है। हमलावर अभी भी फरार हैं।


S.D. COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
THE S.D. DEGREE COLLEGE
JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR (UP)
सी०बी०एस०ई० के सभी विद्यार्थियों को परीक्षाफल की हार्दिक शुभकामनाएं
B.TECH
CS | AI | IT | EC | ME | EE | CE
MBA | DIPLOMA
M.TECH
B.A
B.SC
B.COM
BCA*
REGISTRATIONS/ ADMISSIONS OPEN 2025-26
9258256931-39

# एडीएमई नरेन्द्र बहादुर सिंह का स्थानान्तरण लखीमपुर खीरी होने पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित हुआ





**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, का स्थानान्तरण जनपद लखीमपुर खीरी होने पर उत्तर प्रदेश कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा मुजफ्फरनगर द्वारा सभागार में इनका विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में डीएम उमेश मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व गजेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुशील कुमार यादव, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, सहायक आयुक्त स्टाम्प मुजफ्फरनगर वीर सिंह एवम अन्य अधिकारीगण एवम समस्त कलक्ट्रेट कर्मचारी एवम पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवम कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने सम्बोधन में नरेन्द्र बहादुर सिंह को एक स्वर में एक ऐसे व्यक्तित्व को विदाई देने के लिए एकत्रित होने, उनके कार्य, सोच और नेतृत्व द्वारा सभी अधिकारी एवम कर्मचारी को प्रेरित करने, इनके अनुशासन सादगी और कार्यकुशलता से कार्यों को सम्भालने और निर्णायक सोच, दूरदर्शिता और जनता के प्रति संवेदनशीलता, सभी को याद रहने के वक्तव्य का सम्बोधन करते हुए अपने कार्यकाल में कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी जिस धैर्य और सूझबूझ से कार्य किया है वह हम सब के लिए एक मिसाल है। श्री सिंह के व्यवहारिक ज्ञान, नेतृत्व की क्षमता और सहयोगी स्वभाव ने कार्यस्थल का एक परिवार जैसा बना दिया है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा गर्व के साथ कहा गया कि हमने एक सच्चे मार्गदर्शक और प्रेरक व्यक्तिव्य के साथ काम किया है। कार्यक्रम में उपस्थित डीएम द्वारा अपनी शुभकामनायें देते हुए हर पड़ाव पर इनके लिए सफलता और सम्मान लेकर आने के साथ धन्यवाद करते हुए और श्री सिंह के उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनायें दी गयी। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष अम्मार हैदर, मनीष शर्मा, सचिव उत्तर प्रदेश कलक्ट्रेट संघ मुजफ्फरनगर द्वारा सफल आयोजन हेतु सभी कर्मचारियों का धन्यवाद अदा कर कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।





# एम.जी. पब्लिक स्कूल में 12वीं में जिया जैन और 10वीं में आरव शर्मा ने किया टॉप



**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं और 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के कारण हर्ष एवं उल्लास का वातावरण नजर आया। 12वीं की परीक्षा में छात्रा जिया जैन ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, इसी प्रकार कक्षा-10 की परीक्षा में छात्र आरव शर्मा ने 99.2 प्रतिशत अंक के साथ विशिष्ट उपलब्धि के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जिया और आरव ने इस प्रदर्शन के साथ विद्यालय में टॉप किया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा में विशेष स्थान पाया। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि आज सीबीएसई द्वारा जारी किये गये 12वीं और 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन उपलब्धि से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र आरव शर्मा ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए विद्यालय टॉप किया। इसके साथ ही छात्र अनंत जैन ने 98.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा, नैतिक गोयल और छात्रा वल्लरी वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। इनके अतिरिक्त छात्र देवांग गर्ग 97.4 प्रतिशत चौथे, मौहम्मद अरीज 97.2 प्रतिशत पांचवें और रूद्राक्ष दावदा 96.6 प्रतिशत अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। माहा, साक्षी और विरिध यादव ने संयुक्त रूप से 96.4 प्रतिशत अंक लेकर सातवां और केशव, निदा परवीन और राधिका शर्मा ने संयुक्त रूप से आठवां स्थान हासिल किया। शुभ मित्तल 96 प्रतिशत अंक के साथ नौंवे और ख्याति शुक्ला व दक्ष प्रताप ने संयुक्त रूप से 95.8 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में दसवां स्थान हासिल किया है। एमजी पब्लिक स्कूल में 12वीं परीक्षा में जिया जैन ने ह्यूमेनिटी वर्ग में 97.2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टॉप किया और जिला मेरिट की टॉप टेन में भी स्थान बनाया। विज्ञान वर्ग की छात्रा आनया अग्रवाल ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और विज्ञान वर्ग में हितिका धीमान व ह्यूमेनिटी की छात्रा वैष्णवी गुप्ता ने संयुक्त रूप से 96 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। इनके अतिरिक्त सुखदीप सिंह रंधावा ने कॉमर्स वर्ग और छात्रा जूही मित्तल ने विज्ञान वर्ग में 94.8 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथा तथा विज्ञान वर्ग के छात्र निहाल अहमद ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में पांचवां स्थान पाया। इन सभी विद्यार्थियों को उपलब्धि भरा परीक्षा परिणाम हासिल करने पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग द्वारा मिठाई भेंट कर बधाई के साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावक और शिक्षक शिक्षिकाएं भी उत्साहित और प्रसन्न नजर आये।

# नगर क्षेत्र में अधिवक्ताओं ने निकाली तिरंगा रैली, दिखा उत्साह

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य व पराक्रम को नमन करने के पवित्र उद्देश्य से अधिवक्ता परिषद् ब्रज प्रांत इकाई जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा सिविल बार एसोसिएशन व जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के सहयोग से मंगलवार को नगरीय क्षेत्र में तिरंगा रैली का शुभारंभ किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने सिविल बार एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय सभागार सिविल बार से एक तिरंगा रैली का नगर क्षेत्र में आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सैनिकों के शौर्य एवं वीरता का गुणगान यशोगान करते हुए उनकी वीरता का उद्घोष करते हुए किया। इस दौरान भारत सरकार के आप्रेशन सिन्दूर की कामयाबी में हमारे वीर सैनिकों व वैज्ञानिकों ने सफलता के जो मापदण्ड व उदाहरण पेश किये हैं, उनकी पूरी प्रशंसा की गई। अधिवक्ता परिषद् ब्रज प्रान्त इकाई ने सिविल बार एसोसिएशन एवं जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में बढ़-चढ़कर तिरंगा रैली में अपना सहयोग प्रदान किया। इस दौरान आप्रेशन सिन्दूर से प्रेरणा लेते हुए तिरंगा रैली का नेतृत्व महिला अधिवक्ताओं ने किया। तिरंगा रैली में पदाधिकारियों ने सभी का इस सकारात्मक सहयोग के लिये धन्यवाद अदा किया।

# शाहपुर के स्काईलैंड स्कूल के छात्र-छात्रों का जलवा रहा कायम

## - दसवीं में नक्श बंसल, 12वीं में वंश सिंघल ने किया ब्लॉक टॉप



**शाहपुर, 13 मई (बु.)।** सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर शाहपुर के स्काई लैंड स्कूल का जलवा कायम रहा। सीबीएसई कक्षा १० और कक्षा १२ के आज घोषित परिणामों में स्काईलैंड विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय का कक्षा १० का परीक्षा परिणाम ९६% और कक्षा १२ का परिणाम ९१ प्रतिशत रहा। विद्यालय के वंश सिंघल पुत्र मनीष सिंघल ने कक्षा १२ में ९७% अंक प्राप्त कर शाहपुर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय के छात्र नक्श बंसल पुत्र श्री राजकुमार बंसल ने भी ९७% अंक प्राप्त कर कक्षा १० में शाहपुर ब्लॉक को टॉप किया। विद्यालय के कक्षा १२ के प्रखर जैन ने ९५.४ %, भव्या गोयल ने ९३.८%, रितिका गोयल ने ९३.४ % कणव मित्तल ने ९२%, सलोनी ने ९०.४% अंक प्राप्त किए। कक्षा १० में देवांश जैन ने ९५%, दर्श गोयल ने ९२.२%, अक्षि चौधरी ने ९०%, आयुष त्यागी ने ८९% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा-१० के नक्श बंसल व देवांश जैन ने गणित विषय में १०० में से १०० अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक राहुल गोयल व मनोज गोयल तथा प्रधानाचार्य निशा गोयल ने सभी सफल छात्रों को व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे सभी अपने लक्ष्य के अनुसार आगे बढ़ें, ताकि भविष्य में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जाए। विद्यालय के शिक्षकों अनुज जैन, अमित गोयल, सचिन चौधरी, विकास भार्गव, कमल सैनी, वंदना मिश्रा, राहुल जिंदल, दीपशिखा, रामप्रसाद, हरिकांत, प्रमोद सैनी, अक्षय बालियान, प्रीति सैनी, मीनू जयंत आदि ने सभी बच्चों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी।

# माउंट लिटेरा जी स्कूल में कक्षा-12वीं और 10वीं का शानदार परीक्षा परिणाम

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)।** माउंट लिटेरा जी स्कूल के कक्षा 10वीं तथा 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे जनपद का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। कक्षा 12 के विज्ञान और वाणिज्य वर्गों में तथा कक्षा-10 के विद्यार्थियों ने न केवल शानदार अंक प्राप्त किए, बल्कि अपने अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का परिचय भी दिया। **कक्षा-10 के गौरवपूर्ण परिणाम:** दक्ष त्यागी- 97.2%, आराध्या सिंह- 96.2%,देवांश बंसल व तेजस्वी सिंघल-95.8%, खुशबू लूथरा- 95.4%, श्रेया गर्ग-95.2%। **कक्षा-12 के विज्ञान वर्ग के गौरवपूर्ण परिणाम-** युवराज डोगरा 95.4%, अधिराज डोगरा एवं पंखुड़ी 91.4%, नमन चौधरी 85%, संस्कार मित्तल 82%, नियति 81.8%। **कक्षा 12 के वाणिज्य वर्ग की उपलब्धियाँ:** लव कालरा एवं भव्य गुप्ता 95.4%, प्रगति चौधरी 90.8%, सुहानी 89.4%, भाविका 89%, योग्य 87%। विद्यालय की निर्देशिका चारु भारद्वाज ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर प्रगति करते रहने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# सीबीएसई इंटर में अग्रिमा हाईस्कूल में अनन्या आई प्रथम



**बुढ़ाना, 13 मई (बु.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में जहां एक ओर इंटरमीडिएट में मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना की छात्रा अग्रिमा गुप्ता ने पूरे बुढ़ाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा 97.08 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए बाजी मारी, तो वहीं इसी एकेडमी की छात्रा अनन्या संगल ने भी हाईस्कूल में सबसे ज्यादा 96.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे बुढ़ाना क्षेत्र में नाम रोशन किया। सबकी नजरें मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के रिजल्ट पर ही टिकी हुई थी, क्योंकि पिछले वर्ष भी मेपल्स एकेडमी की गूंज रही थी और इस बार भी मेपल्स एकेडमी के स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा। इसके अलावा मेपल्स एकेडमी के इंटर के छात्र हर्षित चौधरी ने दूसरे नंबर पर आकर 96.2 प्रतिशत अंक, छात्रा वैष्णवी सैनी और छात्रा गरिमा ने 96 प्रतिशत अंक और भव्य गर्ग ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि हाईस्कूल में मेपल्स एकेडमी की छात्रा ग्रेसी मलिक दूसरे स्थान पर रही, जिसने 96.06 प्रतिशत अंक, छात्रा अंशिका सिंह ने 96.04 प्रतिशत अंक, छात्रा गोरी गोयल, छात्र देवांश चौहान ने 94.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धमाल मचाया। इन सब छात्र-छात्राओं में से छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने बाजी मारी। मेपल्स का स्टाफ रिजल्ट से उत्साहित है। सब बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी है।

# ज्ञानस्थली की तानिया सिंगल ने 94.4% अंक प्राप्त कर तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया

## - 10वीं की छात्रा अंशिका जैन ने 97.8% के साथ मीरापुर टॉप किया



**मीरापुर, 13 मई (बु.)।** सीबीएसई द्वारा कक्षा-10 व 12 के घोषित किये गए परीक्षा परिणाम में मीरापुर कस्बे के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल का 12वीं का रिजल्ट 96.8% तथा 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा तानिया सिंगल ने 94.4 % अंक प्राप्त कर कॉलेज व तहसील को टॉप करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंगलवार को घोषित सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में ज्ञानस्थली की कक्षा 12 की छात्रा तानिया सिंगल ने 94.4% अंक के साथ कॉलेज टॉप करने के साथ साथ पूरी जानसठ तहसील को टॉप किया। कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र जयंत चौधरी ने 91.6% अंक प्राप्त कर कॉलेज में द्वितीय तथा छात्रा वृन्दा गुप्ता, अंशिका पंवार व छात्र ध्रुव गुप्ता ने 90.6% अंक के साथ सयुंक्त रूप से कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। ज्ञानस्थली का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा-10 की छात्रा अंशिका जैन ने 97.8%अंकों के साथ मीरापुर कस्बे व कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा परी कपासिया ने 96.8% प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा छवि सैनी ने 96.6% अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने बताया कि विद्यालय के 50% छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में 80% से अधिक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर अभिभावकों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं में उल्लास का वातावरण रहा। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिखर शिक्षा सदन का 10वीं का रिजल्ट 98% व 12वीं का 96% रहा

## - 12वीं में मिनहाल जैदी ने 94.2% अंक प्राप्त कर तथा 10वीं में आदर्श भारद्वाज ने 88.8% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया।



**मीरापुर, 13 मई (बु.)।** कस्बे की शिक्षण संस्था शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षाफल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा-10 का परीक्षा परिणाम 98% व 12 का परीक्षा परिणाम 96% रहा। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। शिखर शिक्षा सदन स्कूल के परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 में वाणिज्य वर्ग के छात्र मिनहाल जैदी (94.2%) अंक तथा कक्षा 10 में आदर्श भारद्वाज ने (88.8%) अंक प्राप्त करके स्कूल टॉप किया। इनके अतिरिक्त 12वीं में छात्र देव राजपूत 90.6%अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरे स्थान पर रहा तथा छात्र केशव शर्मा व छात्रा जिज्ञासा चौधरी सयुंक्त रूप से 90% अंक प्राप्त कर कॉलेज में तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा-10 में आदर्श भारद्वाज 88.8% अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉपर बने तथा रिदम गुप्ता 86.2% अंक व रिद्धि गुप्ता 85.4%अंक प्राप्त कर क्रमशः कॉलेज में दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के डायरेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि इंटरमीडिएट में 25 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी। विद्यालय के डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने सभी शिक्षकों को उनकी मेहनत और लगन से विद्यार्थियों को शिक्षित करने और बोर्ड परीक्षा में अपार सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री, जन्म प्रमाण पत्र संख्या-4416, दिनांक 01.04.2020 का नाम मेरे द्वारा प्रणय शगुन सैनी नहीं कराया गया था, जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है। वह भविष्य में भी इसी नाम से जानी व पहचानी जायेगी। जन्म प्रमाण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**नितेश सैनी**
108-कुन्दनपुरा, मुजफ्फरनगर

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री, जन्म प्रमाण पत्र संख्या-3913, दिनांक 29.04.2011 का नाम गलती से मेरी निबिया तथा माता का नाम प्रिया भगत अंकित करा दिया है, जबकि पुत्री का वास्तविक नाम नव्या भगत तथा माता का नाम प्रीति भगत है। भविष्य में भी इन्हें इसी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

**हनी भगत**
829-आदर्श कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
मो. : 9997057942


# स्वामी कल्याणदेव कॉलेज बघरा को बदनाम करने में लगे हैं कुछ तत्वः कुंवर देवराज पंवार



**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** कल्याणकारी शिक्षा समिति बघरा (मुजफ्फरनगर) के प्रबन्धक एवं सचिव कुँवर देवराज पंवार ने प्रगति पर अग्रसर शिक्षण संस्था से द्वेष रखने वाले कुछ निहित स्वार्थ के लोगों पर संस्था की छवि धूमिल करने का आरोप लगाए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कॉलेज के विकास के लिए जो कार्य हो रहे हैं, उन्हें समिति की स्वीकृति के बाद अमल में लाया जा रहा है। रुड़की रोड स्थित होटल में मीडिया से वार्ता करते हुए संस्था सचिव कुंवर देवराज पंवार ने कहा कि वीतराग स्वामी कल्याण देव महाराज पद्मश्री पद्मभूषण ने महात्मा गांधी व सन्त विनोबा भावे से प्रेरणा पाकर विशेष रूप से जनपद में शिक्षा की ज्योति जगाकर अनेक शिक्षण संस्थाएं बनायी। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 1972 में 17 वर्ष की आयु में उनसे प्रेरणा पाकर बघरा क्षेत्र में जनपद मुजफ्फरनगर में कृषि विज्ञान केन्द्र के संस्थापक सचिव के रूप में संस्था के लिए करोड़ों रुपए अनुदान प्राप्त करके निर्माण कराया एवं अवैतनिक सचिव के रूप में विकसित कराकर स्वामी कल्याणदेव जी के निर्देश पर केंद्र सरकार को सौंपा, ताकि यहां के कर्मचारी सरकारी हो जाएं। उन्होंने कल्याणकारी शिक्षा समिति बघरा के नेतृत्व में स्वामी कल्याणदेव डिग्री कॉलेज के सचिव के तौर पर कार्यरत रहते वर्ष 2009 में सचिव और डायरेक्टर चल रहे विवाद के बीच कॉलेज से त्याग पत्र देकर चले गये और विद्यालय की वित्तीय स्थिति व छात्र संख्या नगण्य थी, तब कानूनी पेचीदगी से उसे निकालने के साथ वित्तीय स्थिति सुधारते हुए बीकॉम व बीएससी की मान्यता करायी तथा अनुशासन स्थापित कराया। उस समय मात्र बीए की मान्यता थी। उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्व संस्थाओं के साथ कार्यकारिणी के संबंध में दुष्प्रचार कर रहे हैं और यह समस्त तथ्य तोड़-मरोड़ कर जनमानस व जनप्रतिनिधियों को भ्रमित कर अर्द्धसत्य बता रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संस्था श्री शुकदेव आश्रम स्वामी कल्याणदेव ट्रस्ट की नहीं है वरन 1950 से कल्याणकारी शिक्षा समिति की है, जिसे 2016 में कुंवर देवराज पंवार सचिव के कार्यकाल में खरीदा गया है तथा लगभग 7 साल बाद इसे 3 गुणा अधिक मूल्य पर सन 2024 में विक्रय किया। उन्होंने कहा कि वह स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलिज बघरा के नाम खरीदी थी। इसके साथ उन्होंने बताया कि इस धन से संस्था की 75 वर्ष पुराने जर्जर भवनों के पुनः निर्माण में खर्च करने की योजना है। वहीं भूमि विक्रय धन को विद्यालय के बैंक एकाउंट में क्रेता द्वारा निर्गत करा कर रखा है तथा कार्यकारिणी की स्वीकृति से जर्जर भवनों के पुनः निर्माण में प्रयुक्त होगा। इस दौरान उपेंद्र भारद्वाज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सिलेण्डर में आग लगने से चिकन की दुकान में अफरा तफरी मची

## - बिना अग्निशमन यंत्र के चल रहे हैं होटल व ढाबे




**मीरापुर, 13 मई (बु.)।** मीरापुर में बस स्टैंड के समीप एक चिकन की दुकान में सिलेण्डर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पानी व मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया। आग पर जल्दी काबू पाए जाने के चलते बड़ा हादसा होने से बच गया। मीरापुर निवासी जावेद अंसारी का मीरापुर बस स्टैंड के समीप भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में अल करीम चिकन कार्नर के नाम से मुस्लिम ढाबा है। दोपहर के समय उक्त चिकन कार्नर पर रखे एक सिलेण्डर में आग लग गयी। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि उस समय यहाँ ज्यादा भीड़ मौजूद नहीं थी। आसपास के लोगों ने दौड़कर पानी व मिट्टी डालकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि उक्त क्षेत्र बेहद भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र है। इसके बावजूद भी यहाँ चलाए जा रहे अधिकांश ढाबे व होटलों पर अग्निशमन यंत्र नहीं है, जिस कारण यहाँ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# 2017 विधानसभा चुनाव की ईवीएम आज हुई मुक्त



**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** प्रदेश में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान जनपद मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लियाकत अली ने कोर्ट में याचिका डालते हुए मुजफ्फरनगर के तत्कालीन निर्वाचन अधिकारी पर धांधली कर उसे जबरन हारने का आरोप लगाया था। इसके बाद कोर्ट में तारीख के लगती रही और फिर विधानसभा चुनाव 2022 भी संपन्न हो गया। 2022 में चुनाव जीते रालोद समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और रालोद गठबंधन के चलते सांसद चुन गए थे। उसके बाद 2024 में उपचुनाव भी संपन्न हो गया। मगर समाजवादी पार्टी के 2017 के प्रत्याशी लियाकत अली तारीख पर जाते रहे। मंगलवार को डीएम उमेश मिश्रा और लियाकत अली के साथ अन्य कई प्रत्याशी भी जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे, जहां डीएम ने उक्त पूर्व प्रत्याशियों की सहमति के बाद 2017 से कमरे में सील हुई ईवीएम मशीनों को सील मुक्त कराया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के 2017 विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे लियाकत अली ने कहा कि उसे समय चुनाव में उन्हें जीत की घोषणा होने के बाद हरा दिया था। बाद में उन्होंने कोर्ट में याचिका डाली थी, मगर उसके बाद कोर्ट में तारीख के लगती रही और फिर दूसरे चुनाव भी आ गये। उनकी जिलाधिकारी से वार्ता हुई थी, अब उन्हें कोई उम्मीद और परेशानी भी नहीं है, इसलिए उन्होंने डीएम से कह दिया था कि अब इन ईवीएम मशीनों को इस्तेमाल कर ले, तो आज जिस कमरे में ईवीएम रखी थी उस कमरे की सील खोली गई।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 13 मई, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 96,300 | चांदी- | 98000 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 71770 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# अयान मोहम्मद, सिमरन और प्रणव विकल अपने-अपने वर्ग में रहे टॉपर

**जानसठ, 13 मई (बु.)।** सोमवार को सीबीएसई बोर्ड ने अपना वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया, जिसमें एंबिएंस एकेडमी का विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी तीनों वर्गों में छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थी उत्साह पूर्वक विद्यालय पहुंचे। विज्ञान वर्ग में अयान मोहम्मद ने 88.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, नंदिनी ने 88.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा जानवी और फरहान 87.6 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्य वर्ग में सिमरन 91.4 प्रतिशत के साथ प्रथम विनी 87.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय और लाएबा 82.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं मानविकी में प्रणव विकल प्रथम 91.4 प्रतिशत, खुशी जावला 90.6 प्रतिशत द्वितीय और बरखा 86 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। साथ ही प्रणव ने पॉलिटिकल साइंस में 96 प्रतिशत सिमरन ने अंग्रेजी में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। 11 विद्यार्थी ऐसे भी हैं, जिन्होंने अंग्रेजी में 95 प्रतिशत से ऊपर के अंक प्राप्त किए। दस ऐसे विद्यार्थी हैं जिन्होंने फाइन आर्ट में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में भी स्कूल ने अपना परचम लहराया और शत-प्रतिशत का रिकॉर्ड कायम रखा। हाई स्कूल में सृष्टि देशवाल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में उसने 100-100 अंक प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर फातिमा रही और उसने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसने हिंदी और सामाजिक विज्ञान में 99-99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अभिजीत 96.8 प्रतिशत तृतीय, 95.8 प्रतिशत के साथ आदित्य चतुर्थ और 94 प्रतिशत अंकों के साथ अक्षित पंचम स्थान पर रहे। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रधानाचार्य मनु उर्फ मनोज गुप्ता व प्रबंधक भावेश गुप्ता ने सम्मानित किया। उन्होंने उन्हें अपने जीवन में सफल होने के लिए आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# छात्र छात्राओं ने बाजी मारी

**जानसठ, 13 मई (बु.)।** आर्यन इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल का सीबीएसई इंटरमीडिएट कॉमर्स, आर्ट का परीक्षाफल 100 प्रतिशत व विज्ञान वर्ग का 95 प्रतिशत रहा। कॉमर्स वर्ग में प्रथम स्थान नैना 87.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रिया 86.8 प्रतिशत व तृतीय स्थान इशान 60.6 प्रतिशत। विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान आयुष 85.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नन्दिनी 81.4 व तृतीय स्थान देवयांशी ने 78.87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबन्धक सुशोभिता व प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने सभी बच्चों को शुभकामना दी।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़ाना के कक्षा-12 व 10 के परिणाम ने क्षेत्र में मचाई धूम

**बुढ़ाना, 13 मई (बु.)।** सीबीएसई बोर्ड का कक्षा-12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। यह परिणाम न केवल छात्र-छात्राओं के लिए बल्कि विद्यालय के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम आशा करते हैं कि छात्र-छात्राएँ भविष्य में इससे भी ज्यादा सफलता प्राप्त करते रहेंगे। विशेष रूप से उन छात्रों को बधाई देना चाहते हैं, जिन्होंने कक्षा 12वीं और कक्षा 10वीं में विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कक्षा 12वीं में विज्ञान वर्ग में छात्र उत्सव गर्ग ने 91.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। छात्र शगुन शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पाया और छात्र हर्षित ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं वाणिज्य वर्ग में अभय वशिष्ठ ने 97.4 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान व शास्वत गर्ग ने 85.9 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, मिशिका ने 75.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-10वीं में प्रथम स्थान शराफत अली 89.2 प्रतिशत, दूसरा स्थान सुचिता 87.6 प्रतिशत व तीसरा स्थान अंशिका 87.2 प्रतिशत ने प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य व समस्त अध्यापकों ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीबीएसई में अनूफा त्यागी ने इंटर व पलक सिंघल ने हाईस्कूल में स्कूल को किया टॉप



**चरथावल, 13 मई (बु.)।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए गए कक्षा-10 व कक्षा-12 के परिणाम में अनूफा त्यागी ने इंटरमीडिएट व पलक सिंघल ने हाईस्कूल में किड्स हेवन पब्लिक स्कूल को टॉप किया। प्रबन्धक, संस्थापिका, चेयरमैन व प्रधानाचार्य ने सफल हुए अभ्यर्थियों को बधाई दी। चरथावल कस्बे के किड्स हैवन पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा-12 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें अनूफा त्यागी 85.2%, वर्णिका पाल 83.2% और संस्कृति त्यागी ने 81.2% अंक पाकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का कुल रिजल्ट 85% रहा। वहीं किड्स हैवन पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा-10 का वार्षिक परीक्षाफल भी घोषित किया गया, जिसमें पलक सिंघल 94%, शिवम पुण्डीर 91.2% और अंश त्यागी ने 91% अंक पाकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का कुल रिजल्ट 99% रहा। कक्षा-10 व 12 के वार्षिक परीक्षाफल के इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सत्य प्रकाश धीमान, संस्थापिका सुनीता धीमान, चेयरमैन डॉ. सुनील कुमार ने सभी को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य मनीष धीमान ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## सेना के साहस को देश का सलाम

भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक चले भीषण संघर्ष के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल आदमपुर एयरबेस की यात्रा की। उन्होंने जवानों के साहस की तारीफ की। उनकी यह यात्रा इस लिए भी विशेष है, क्योंकि पाकिस्तान ने इसी एयरबेस को उड़ाने का फर्जी दावा किया था। इस यात्रा से प्रधानमन्त्री ने पाकिस्तान के दावे की हवा निकाली और अपने वीर जवानों का उत्साहवर्धन किया। अपने सम्बोधन में भी उन्होंने बहुत कुछ साफ किया। हमारे वीर जवानों ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पड़ोसी देश में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच जमकर सैन्य संघर्ष हुआ। भारतीय सेना के अभूतपूर्व साहस को पूरा देश सलाम कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के संरक्षण में पलने वाले कई खूंखार आतंकियों को सबक सिखाने के बाद सेना के जवानों का उत्साह बढ़ा हुआ है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंच कर सेना के जवानों से मुलाकात की। जालंधर स्थित यह वही एयरबेस है, जिसे नुकसान पहुंचाने का फर्जी दावा पाकिस्तान ने किया था। हालांकि, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 11 मई की प्रेस कॉन्फ्रेंस ही में इस दावे का खंडन कर दिया था। अब पीएम मोदी ने यहां पहुंचकर दुनिया के सामने पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बेनकाब कर दिया है। इस दौरान वायुसेना के जवानों ने मौजूदा हालात के बारे में उन्हें जानकारी दी। पीएम मोदी और सशस्त्र बलों के जवानों ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। सभी का जोश इस बात की ओर संकेत कर रहा था कि ऑपरेशन सिंदूर 100 प्रतिशत सफल रहा और हमारी सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखा दिया है। इस दौरे से एक बात और साफ हो गई कि अगर प्रधानमन्त्री मोदी का विमान इस एयरबेस पर उतर सकता है, तो इसे खरोंच तक नहीं आई है। इस दौरे ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और झूठ की दुकान को दुनिया के सामने ला दिया है। आदमपुर एयरबेस,भारत के लड़ाकू विमान मिग 29 का बेस है। एयरबेस पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भी थे। आदमपुर एयरबेस पाकिस्तान की सीमा के करीब स्थित है। इससे दुश्मन पर तेजी से प्रहार करने में मदद मिलती है। दौरे से जुड़ी कुछ तस्वीरें पीएम मोदी ने 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने लिखा,आज सुबह मैं वायुसेना स्टेशन आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला। साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही विशेष अनुभव था। भारत हमारे सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी है, जो हमारे देश के लिए सब कुछ करते हैं। अपने सम्बोधन में भी पीएम मोदी ने तीनों सेनाओं की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा नेवी ने समुद्र पर कब्जा किया। भारतीय वायुसेना ने हवाई माध्यम द्वारा अटैक किया। भारतीय सेना जमीन पर दुश्मनों से लड़ी। इससे पहले पीएम मोदी ने सोमवार को देश को संबोधित किया था। पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ चलाए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के लिए उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों को जमकर सराहा था। उन्होंने कहा था कि बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस और पराक्रम समर्पित करता हूं। आदमपुर एयरबेस भारत का दूसरा सबसे बड़ा एयरफोर्स स्टेशन है, जालंधर से 21 किमी.दूर और पाकिस्तान की सीमा से महज 100 किमी दूर है। मिग-29 फाइटर जेट का बेस है। राफेल, सुखोई-30, मिराज फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स का गढ़ है। 1965, 1971, और कारगिल युद्ध में अहम रोल निबाह चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में भी यहां से वायुसेना ने सटीक हमले किए। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय सेना को ऐसा ही जुनून रखना है। ऐसे ही तैयार रहना है। हमें दुश्मन को एहसास दिलाना है कि ये नया भारत है। ये नया भारत दुश्मन को मिट्टी में मिलाना जानता है।'भारत की वायुसेना अब सिर्फ हथियारों ही से नहीं डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन देश को छकाने के लिए काफी है। पीएम ने कहा,आतंकवाद के खिलाफ भारत की 'लक्ष्मण रेखा' अब बिल्कुल स्पष्ट है। अगर अब कोई और आतंकी हमला हुआ, तो भारत जवाब देगा, कड़ा जवाब। हमने सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान, एयर स्ट्राइक के दौरान ये देखा। भारत ने तीन बिंदु तय किए हैं। पहला, अगर भारत पर कोई आतंकी हमला होता है, तो हम अपने तरीके से, अपनी शर्त पर, अपने समय पर जवाब देंगे। दूसरा, भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। तीसरा, हम आतंक को समर्थन देने वाली सरकार और आतंकी सरगनाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आप सभी अपने लक्ष्यों के साथ खरे उतरे हैं। पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने और एयरबेस ही तबाह नहीं हुए हैं, उनके नापाक इरादे और दुस्साहस को भी तबाह किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मन देश को पता ही नहीं चला कि कब उसका सीना छलनी हो गया। भारतीय सेना के पराक्रम को देखकर पाकिस्तान खौफ में आ गया। पीएम मोदी ने कहा कि 'जब हमारे ड्रोन दुश्मन के किले की दीवारें ध्वस्त करते हैं, जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई ध्वनि के साथ लक्ष्य तक पहुंचती हैं, तो दुश्मन को 'भारत माता की जय' सुनाई देती है, जब हम रात में भी सूरज को रोशन करते हैं, तो दुश्मन को 'भारत माता की जय' सुनाई देती है, जब हमारी सेनाएं परमाणु ब्लैकमेल की धमकी को उड़ा देती हैं, तो आसमान से केवल एक ही बात गूंजती है,'भारत माता की जय'। भारत में निर्दोष लोगों को खून बहाने का एक ही अंजाम होगा विनाश और महा विनाश। पीएम मोदी ने कहा कि आपने बता दिया कि पाकिस्तान में कोई ऐसा ठिकाना नहीं है, जहां पाकिस्तानी सैनिक चैन की सांस ले सके। हम उन्हें घर में घुस कर मारेंगे। ताजा खबर ये भी है कि भारत अमेरिका से आने वाली वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने का फैसला करने जा रहा है। जाहिर है ट्रंप और मोदी में ठन सकती हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'संसद' 'अहमक' 'हिमाकत' 'जहालत'

वहाँ संसद में अहमक हैं, वहाँ सड़कों पे शैतां हैं,<br>
वो पाकिस्तान है प्यारे, हिमाकत उसकी खूबी है।<br>
तबाही हमने की लेकिन,गिरी बिजली वो कहते हैं,<br>
वो पाकिस्तान है प्यारे, जहालत उसकी खूबी है।

# दा एसडी पब्लिक स्कूल के मेधावियों का रहा दबदबा

## - 10वीं में अर्नव त्यागी 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ रहे टॉपर - 12वीं में राधा तायल 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर





मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए परीक्षा परिणामों में जानसठ रोड स्थित दा एसडी पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया। मंगलवार दोपहर आए परीक्षा परिणामों को देखकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस बीच सभी ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए भविष्य के सपनों को उड़ान देने की ओर सफलता के कदम बढ़ाने का काम किया। स्कूल प्रबंधन ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंगलवार को घोषित हुए इन परीक्षा परिणामों में सीबीएसई की 12वीं के नतीजों में कामर्स वर्ग में राधा तायल ने 97.4 प्रतिशत, सूर्यांश सिंह ने 92.6 प्रतिशत और अर्शदीप सिंह ने 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं विज्ञान वर्ग में शिवांगी गर्ग 95 प्रतिशत, अनिमेष कंसल 93.6 प्रतिशत व नंदिनी गर्ग 91.6 प्रतिशत और ह्युमैनिटीज वर्ग में प्रियांशी चौधरी ने 91 प्रतिशत, ओम कुमार 90.2 प्रतिशत और अक्षित कुमार 84.8 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। दूसरी ओर सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं में अर्नव त्यागी 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, कार्तिक वर्मा 99 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और मेधा सिंधी 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर घोषित की गई। इसके अलावा शत-प्रतिशत अंक पाने मेधावियों में विद्याधर रघुवंशी, आद्या गर्ग, सुहानी, हार्दिक अग्रवाल, हर्षिल गुप्ता, तेजस सिंघल, सिद्धि गोयल, मेधा सिंह, कृष ग्रोवर, कशिश ने संस्कृत और प्रतीक, हार्दिक अग्रवाल, अली मुर्तजा, आरोही शर्मा, हर्षल गुप्ता ने गणित तथा अर्नव त्यागी, कार्तिक वर्मा ने सोशल साईंस में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए कीर्तिमान बनाया। इसके अलावा अंग्रेजी, हिन्दी, मार्केटिंग एंड सेल के साथ अन्य विषयों में दा एसडी पब्लिक स्कूल के मेधावियों का दबदबा सीबीएसई परीक्षा में कायम रहा। सभी मेधावियों को दा एसडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना, प्रबंध समिति के आकाश कुमार एवं प्रधानाचार्या और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

## जी.डी.गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम




मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)। जी.डी. गोयनका विद्यालय के छात्रों ने प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कक्षा-१२ में उच्चतम अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय, माता -पिता एवं अपने शिक्षकों का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया, जिसमें काशी बंसल ने 98.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, तनाज बाबर 96.4% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं कृतिका बंसल 95.20% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान रहे। विद्यालय केअन्य सभी होनहार छात्रों ने विषय अनुसार सभी विषयों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या ऋचा तिवारी ने छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या जी ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमें अपने जीवन में पहले से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए।

## पी.आर. पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने लहराया विजय परचम

### - संयम बाटला ने गणित में प्राप्त किए 100 में से 100 अंक



मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)। पचेंडा रोड स्थित पी.आर.पब्लिक स्कूल के कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपनी योग्यता प्रदर्शित की। कक्षा-12 के विज्ञान संकाय के टॉप 5 छात्र-छात्राओं में अंश गर्ग 96.4%, ध्रुव गोयल 94.4%, संयम बाटला 93.6%, अक्षरा मित्तल 92.4%, आदित्य, अनुष्का अग्रवाल 92.2% का नाम शामिल रहा। संयम बाटला ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में पार्थ वशिष्ठ, वैभव कुमार, सार्थक बालियान, अदिति पाल, जयदेव आर्य, भूमि, नेहा कौशिक, वैष्णवी सिंघल, अवनी तोमर आदि का नाम शामिल रहा। वही वाणिज्य संकाय में टॉप-3 में अपना स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में साक्षी नेगी 87.4%, शिवम 79.4%, शुभ नरूला 79.4%, सुमित शर्मा 79.4, उदिता 75% का नाम शामिल है। पेंटिंग विषय में ध्रुव गोयल, ध्रुव सोबती, अंश गर्ग, अनुष्का अग्रवाल, अवी शर्मा, अवनी तोमर, जयदेव आर्य, पार्थ अग्रवाल, प्राख्या अग्रवाल, पुलकित गोयल, सार्थक बालियान, अक्षरा मित्तल ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किया। कक्षा 10 में रितिका 91.6, कुंज अरोड़ा 89.8, नमन सिंघल 88.8 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप 3 में शामिल हुए। आन्य गोयल, आराध्या, नमन सिंघल ने हिंदी विषय में सर्वोच्च अंक 93, नमन सिंघल, रितिक ने इंग्लिश विषय में सर्वोच्च अंक 91, कुंज अरोड़ा ने गणित विषय में सर्वोच्च अंक 94, विज्ञान विषय में रितिक ने सर्वोच्च अंक 92, सामाजिक विज्ञान में रितिक ने सर्वोच्च अंक 95 प्राप्त किया। स्कूल निदेशक अनक सिंघल तथा स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





# शारदेन स्कूल के बच्चे शहर में अव्वल

मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)। आज दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा दस का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशियों की लहर दोगुनी हुई। उर्वी चौधरी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिद्धि गोयल ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और लवय तोमर ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही शौर्य राठी ने मैथ्स में 100 अंक, अविरल सिंघल ने सोशल साइंस में 99 अंक, अविरल सिंघल व माही अरोरा ने हिंदी में 95 अंक, लावण्या ने इंग्लिश में 100 अंक, सिद्धि गोयल, वर्धा एवं वृंदा तथा उर्वी चौधरी ने मार्केटिंग में 100 अंक, उर्वी चौधरी ने साइंस में भी 100 अंक प्राप्त किए। कई छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य धारा रतन ने मेधावी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक विश्व रतन ने शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार



चरथावल, 13 मई (बु.)। थाना क्षेत्र में भारत विरोधी सोशल मीडिया पोस्ट का मामला सामने आया है। पावटी खुर्द के रहने वाले कुर्बान त्यागी ने फेसबुक पर भारत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट किया। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों में आरोपी के खिलाफ आक्रोश पैदा हो गया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार हेड कांस्टेबल सोनू सिरोही ने मुखबिर की सूचना पर दहचन्द पावटी मार्ग से आरोपी को गिरफ्तार किया। चरथावल थाना क्षेत्र के पावटी खुर्द कुर्बान त्यागी पुत्र रब्बान त्यागी के द्वारा गत दिनों अपनी फेसबुक पर भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर पोस्ट को वायरल कर दिया, जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में कुर्बान त्यागी के खिलाफ रोष फैल गया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## गोल्डन पब्लिक में कक्षा-10 व 12 के छात्रों का दमदार प्रदर्शन



मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)। पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल के कक्षा-12 के छात्रों ने इस वर्ष के बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से स्कूल ने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। इस वर्ष स्कूल के टॉपर मौहम्मद अहमद ने 96.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त चिराग पंवार-90.8%, पलक सागर- 90.2%, प्रियम- 90.0% व स्पर्श चौधरी- 90.0% ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। पेंटिंग में 6 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये वहीं होम साइंस में मौहम्मद अहमद ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा-10 में आरुष गुप्ता ने 94%, आहना ने 93.4%, आराध्या दीक्षित ने 92%, अरीबा अहमद ने 92%, वंश राज ने 92.2%, आराध्या शर्मा और शिवा ने 91%, यशोधन ने 90.2% और रितिका चौधरी 90% अंक प्राप्त कर के अपने विद्यालय व अपने माता -पिता को गौरान्वित किया। विद्यालय की प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या पूनम वर्मा छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और सतत परिश्रम का प्रतीक है। हम सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

Heartiest Congratulations! to All Passouts of 12th CBSE BOARD
S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU)
& CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur
& Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Register Now for 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.)
BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio)
B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
REGISTER ONLINE @ www.sdgroupofcolleges.edu.in
Our Partners
BAJAJ FINSERV
ICWAI
UNNAT BHARAT ABHIYAN
रा.इ.सू.प्रौ.सं. NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
आपके दिल की बात RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

## ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट में छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे



मुजफ्फरनगर, 13 मई (बुस.)। स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल, नई मंडी में सीबीएसई के वर्ष 2025 के कक्षा-10 एवं 12 के घोषित परीक्षा-परिणामों में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने स्वर्णिम सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने बताया कि कक्षा-12 विज्ञान वर्ग में आस्था ने प्रथम, आदित्य त्यागी ने द्वितीय, प्राची पाण्डेय ने तृतीय, जबकि कॉमर्स वर्ग में रमित नामदेव ने प्रथम, कनिका गुप्ता ने द्वितीय, अदिति कौशिक एवं चिराग गर्ग ने तृतीय स्थान कक्षा-10 में अक्षरा राठी ने प्रथम, नितिन हिरनवाल ने द्वितीय, सिद्धान्त जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 12 में - आकांशा, रितिका, शगुन गोयल, अदिति कौशिक, गरिमा गोयल ने पेंटिंग में 100%, देव भारद्वाज ने फिजिकल एजुकेशन में 96 %, कुशाग्र जैन ने इकोनोमिक्स में 93%, आस्था ने कम्प्यूटर साइंस में 93%, देव भारद्वाज ने अंग्रेजी में 97%, आस्था ने फिजिक्स में 76%, आस्था ने केमिस्ट्री में 94%, प्राची पाण्डेय ने गणित में 81%, संकल्प अग्रवाल ने एकाउंटेंसी में 86%, रमित नामदेव ने बिजनेस स्टडीज में 85%, आस्था ने बायोलॉजी में 84% और मार्केटिंग में प्रतिभा यादव ने 81% अंक कक्षा-10 में सिद्धांत जैन ने गणित में 99%, अक्षरा राठी ने विज्ञान में 97%, अक्षरा राठी ने सामाजिक विज्ञान में 96%, सिद्धान्त जैन ने अंग्रेजी में 95%, नितिन हिरनवाल ने आईटी में 94%, स्तुति गोयल एवं राघव वर्मा हिन्दी में 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रबंध समिति, डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर व कोर्डिनेटर आशीष त्यागी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों को परीक्षा परिणामों के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीएस पब्लिक स्कूल के होनहारों ने सीबीएसई में लहराया परचम

### - वंश आर्य ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ किया स्कूल टॉप



मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित हुए 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम को देखकर मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हर बार की तरह इस बार भी घोषित परिणामों में डीएस पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठता साबित की। इस बीच स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने बच्चों को सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। डीएस पब्लिक स्कूल के आज घोषित परिणामों के बारे में स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने बताया कि विद्यालय के बच्चों ने कई विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करके परफेक्ट हंड्रेड का रिकॉर्ड अपने नाम किया। घोषित परीक्षा परिणामों में छात्र वंश आर्य ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। वहीं मेधावी छात्रा खुशी ने फिजिकल एजुकेशन में शत प्रतिशत अंक, आयुष पाल ने पेंटिंग तथा आनंद राज आनंद ने फिजिकल एजुकेशन में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के होनहार छात्र वंश आर्य ने हिंदी में 98 एवं फिजिकल एजुकेशन में 97 अंक प्राप्त किए। वहीं विद्यालय की मेधावी छात्रा प्रेरणा ने पेंटिंग में 100 में से 97, इंग्लिश में 94 तथा हिंदी में 93 अंकों के साथ कुल 91.6% अंक प्राप्त किए। खुशी ने फिजिकल एजुकेशन में 100 में से 100, अंग्रेजी में 95 तथा गणित में 91 अंक प्राप्त कर-के कुल 90.2% अंक प्राप्त किये। इनके अतिरिक्त अवंतिका ने फिजिकल एजुकेशन में 100 में से 93, अंग्रेजी में 91, अर्जुन कुमार ने फिजिकल एजुकेशन में 100 में से 98, जहीन फातिमा ने पेंटिंग में 100 में से 95 अंक प्राप्त किए। छात्रा महविश रानी ने पेंटिंग में 100 में से 91 एवं अंग्रेजी में 90 अंक व विधांशी चौधरी ने पेंटिंग में 100 में से 95 अंक एवं अक्षतराज सिंह ने अंग्रेजी में 100 में से 90 अंक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन एवं स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी मेधावियों को उनकी इस शानदार सफलता पर बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस बीच विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों के आशीर्वाद के साथ-साथ कठिन परिश्रम एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया। स्वर्णिम सफलता प्राप्त करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों ने बताया कि वह सभी अपने-अपने विषय में उच्च अध्ययन करके भविष्य में देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।

आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका
फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों
किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी
NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।
दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।
किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी
वर्ष बचायें
सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ
के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।
वर्ष बचायें
COURSE OFFERED
B.A. B.Sc. B.Com. M.A.
M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.
M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA
अधिकृत अध्ययन केन्द्र
अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर
विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें
NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें
Phone No. : 0131-2615405, 2433717,
M. 9837640120, 9837108280
नोट : टीचर्स की आवश्यकता है

## सीबीएसई बार्ड द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्र-छात्राए



10वीं कक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर अर्नव को मिठाई खिलाते परिजन



एसडी पब्लिक में सीबीएसई परीक्षाफल के मेधावी छात्र-छात्राएं




# सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**नयी दिल्ली, 13 मई (वार्ता)** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमशः 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है। परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं- दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा।

सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा। ??केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। सीबीएसई ने आज ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। बारहवीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है। परीक्षा देने वाले 16,92,794 छात्र-छात्राओं में से 14,96,307 उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.29 प्रतिशत उत्तीण परीक्षार्थियों के साथ सूची में शीर्ष पर रहे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) ने भी 98.96 पास प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अन्य श्रेणियों में, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत 91.57 रहा और सरकारी स्कूलों ने 90.48 प्रतिशत दर्ज किया। इस बार स्वतंत्र (निजी) स्कूल ने थोड़े पिछडते हुए भी 87.94 प्रतिशत का पास प्रतिशत हासिल किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि बारहवीं की परीक्षा में प्रयागराज परीक्षाफल तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें करीब 80 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई कक्षा 10वीं की 2025 परीक्षाएं 26675 स्कूलों के 7837 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 स्थानों पर आयोजित की गई।

## सीबीएसई ने घोषित किये 12वीं के नतीजे, 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

**नयी दिल्ली 13 मई (वार्ता)** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया, जिसमें 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस साल 12वीं की परीक्षा में 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक है। इस साल 12 वीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुयी है, जबकि छात्रों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 85.06 प्रतिशत रहा है। बारहवीं की परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी अपना परिणाम सीबीएसई की वेबसाइटों जैसे सीबीएसई.जीओवी.इन, रिजल्ट्स.सीबीएसई.एनआईसी.इन और रिजल्ट्स.जीओवी.इन पर जाकर देख सकते हैं। इसके अलावा डिजिलॉकर ऐप, उमंग ऐप और एसएमएस सेवा के माध्यम से भी परिणाम की जांच की जा सकती है। परिणाम देखने के लिए विद्यार्थी को अपना रोल नंबर, स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और जन्म तिथि दर्ज करनी होगी। गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड वरियता सूची जारी नहीं करता है। इसके अलावा परिणाम में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

## भारत में सीबीएसई टॉपर्सः पिता बेचते हैं टेबल-कुर्सी, बेटी ने देश में किया टॉप

**शामली, 13 मई (एजेंसी)।** सीबीएसई ने 13 मई को पहले बारहवीं और फिर दसवीं के नतीजे घोषित किये। उत्तरप्रदेश के शामली की रहने वाली सावी जैन ने पूरे देश में टॉप किया है। सावी को बारहवीं में पांच सौ में चार सौ निन्यानवें अंक प्राप्त हुए। इस तरह से सावी ने इतिहास ही रच दिया है। सावी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मां-बाप और टीचर्स को दिया। साथ ही बाकी के स्टूडेंट्स को भी अपनी सफलता का मूल मंत्र बताया। सीबीएसई के बारहवीं और दसवीं के रिजल्ट्स आ चुके हैं। इसके साथ ही हर तरफ से टॉपर्स की स्टोरी सामने आ रही है। किसी ने दिनरात मेहनत कर कामयाबी हासिल की तो किसी ने इसके लिए अपने दोस्तों से संपर्क तोड़ दिया। इस बीच शामली की रहने वाली सावी जैन ने बारहवीं में देशभर में टॉप किया। सावी स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की स्टूडेंट है. उन्होंने बताया कि ये सफलता उन्हें उनकी मेहनत, डिसिप्लिन और समर्पण की वजह से मिल पाई है। सावी को एग्जाम में 499 अंक मिले हैं। उनके पांच सब्जेक्ट में इंग्लिश, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, जियोग्राफी और इकोनॉमिक्स शामिल थे। इसके अलावा एक्स्ट्रा में सावी ने पेंटिंग चुना था। सावी को सारे सब्जेक्ट्स में सौ अंक मिले हैं। सिर्फ हिस्ट्री में उनके एक अंक कटे हैं। अपने शानदार परफॉर्मेंस के लिए सावी ने अपने पेरेंट्स और टीचर्स के अलावा अपने हार्ड वर्क को क्रेडिट दिया। सावी जैन के पिता एक छोटी सी फर्नीचर शॉप चलाते हैं। देशभर में टॉप कर सावी ने इतिहास रच दिया। उनकी मां हाउसवाइफ हैं। बेटी की इस सफलता पर घरवालों को बेहद गर्व है। साथ ही साथ स्कूल के टीचर्स भी अपनी स्टूडेंट की कामयाबी पर खुशी जाहिर करते नजर आए। सावी का कहना है कि उनकी सफलता टीम वर्क के कारण हो पाई है। इस टीम में उनके पेरेंट्स और टीचर्स शामिल हैं।

# ताबड़तोड़ मुठभेड़ कर एसएसपी को दी जा रही सलामी

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** नए एसएसपी ने चार्ज संभाला तो अपने-अपने चार्ज को बरकरार रखने के लिए जिले के सभी थाना प्रभारी एक्टिव मोड पर आ गए और ठंडी पड़ी बंदूकों की नाल से फिर से आवाजें गुंजायमान होती दिखाई दी। इस दौरान पुलिस का निशाना भी सटीक और कहानी भी सटीक। चैकिंग की, दौरान बदमाश भागा और हो गई मुठभेड़। बहरहाल नवनियुक्त एसएसपी संजय कुमार वर्मा के एक दो विकेट गिराने के बाद अब तक की ये मुठभेड़ में पीतल चखाने का आंकड़ा बढ़ा है, जिसमें बीते 12 घंटों में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 6 मुठभेड़ में 8 बदमाश घायल कर गिरफ्तार किया गया। ये सभी या तो इनामी अपराधी हैं या कुख्यात अपराधों में शामिल रहे हैं।

आपको बता दें कि **खतौली थाना क्षेत्र** में सोमवार देर रात गंगनहर पटरी पर खतौली पुलिस की गैंगस्टर में वांछित चल रहे अपराधी इरफान निवासी इस्लामनगर थाना खतौली के साथ मुठभेड़ हो गयी। पुलिस मुठभेड़ में वांछित अपराधी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश से एक तमंचा व बाइक बरामद की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए भिजवा दिया गया है।

**वहीं दूसरी ओर सोमवार की रात ही फुगाना पुलिस** ने मेरठ करनाल हाइवे पर बदमाशों के साथ मुठभेड़ की। अपने को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर डाली, जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली से शातिर बदमाश इरफान निवासी कैली थाना दौराला मेरठ घायल हो गया। पुलिस ने उसके साथी युनूस निवासी कैली, थाना दौराला को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से दो तमंचे व बाइक बरामद की है। घायल बदमाश इरफान पर 18 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

वहीं तीसरी मुठभेड़ देर रात **शाहपुर पुलिस** की तब हुई जब धनायन सौरम मार्ग पर संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने भी अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दस हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर अरमान निवासी गांव कसेरवा थाना शाहपुर गोली लगने से घायल हो गया। शाहपुर पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार घायल बदमाश पर 9 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

इसी क्रम में **बुढ़ाना पुलिस** की मेरठ करनाल हाइवे पर गौकश के साथ मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान दस हजार का इनामी गौतस्कर मतलूब निवासी पीरशाह विलायत थाना बुढ़ाना पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। वह बुढ़ाना थाने से गौकशी के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने घायल बदमाश से एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

एक और अन्य मुठभेड़ सोमवार देर रात ही **जानसठ पुलिस** का गांव भलवा के पास शातिर बदमाशों से आमना-सामना हो गया। मुठभेड़ में 20 हजार रुपये का इनामी बदमाश जावेद निवासी गांव सिकरी थाना भोपा व उसका एक अन्य साथी जावेद उर्फ सबलू निवासी कवाल थाना जानसठ गोली लगने से घायल हो गया। जावेद पर दिल्ली, गुजरात, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश में अपराधिक मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ में उसके दो साथी शाहिद उर्फ छाती फटा निवासी सीकरी व सरताज उर्फ भूरा निवासी पलड़ी थाना-शाहपुर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से दो तमंचे व चार बाइकें बरामद की है। जानसठ पुलिस ने मुठभेड में फरार हुए शातिर शाहिद उर्फ छाती फटा निवासी सीकरी को कुछ देर बाद मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गोली लगने से घायल हुए शाहिद से एक तमंचा बरामद किया गया है।





### क्या बोले एसएसपी?

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि शासन के मंशानुरूप अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए अपराधियों की धरपकड़ का अभियान चलाया हुआ है। गस्त व चैकिंग अभियान बढ़ाया गया है। देहात क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाया गया है। 12 घंटे में मुजफ्फरनगर के पांच थाना क्षेत्रों में समन्वित कार्रवाई की है। अब तक कुल 6 मुठभेड़ें हो चुकी हैं, जिनमें 8 कुख्यात बदमाश घायल हुए हैं। इन पर 68 से ज्यादा गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।"

### ऑपरेशन लंगड़ा जारी

मुजफ्फरनगर। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मौके से 7 बाइक और 8 तमंचे व भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। सभी घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है और उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश में ऑपरेशन लंगड़ा अब अपराधियों के लिए एक खौफ का नाम बनता जा रहा है।

## खौफनाक वारदातः पहले पॉलिथीन में मिले हाथ- पैर, फिर कुएं में मिला बाकी अंग; हत्या कर टुकड़ों में काटा गया था शव



बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव खरीद के दियारे में पॉलिथीन में छह टुकड़ों में मिले अधिकारी देवेन्द्र राम का फाइल फोटो

**बलिया, 14 मई (एजेंसी)।** बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव खरीद के दियारे में शनिवार को पॉलिथीन में कटे हाथ-पैर मिलने के मामले में पुलिस छानबीन कर ही रही थी कि सोमवार को एक पुराने कुएं से शेष अंग भी बरामद हो गए। शव की शिनाख्त खेजुरी थाना क्षेत्र के हरिपुर निवासी देवेंद्र राम (62) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, देवेंद्र राम बीआरओ (बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन) में इलेक्ट्रिशियन के पद पर तैनात थे। दिसंबर 2023 में सेवानिवृत हुए थे। इस मामले में देवेंद्र राम की पत्नी माया देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामला अवैध संबंधों से जुड़ा हुआ है। देवेंद्र राम के शव को उनके आवास से करीब 50 किमी दूर ठिकाने लगाया गया था। दोनों हाथ-पैर काटने के बाद शरीर के बाकी हिस्से को पॉलिथीन के बड़े थैले में भरकर कुएं में फेंका गया था। पुलिस ने बताया कि खरीद से दियारा की ओर जाने वाले रास्ते में स्थित एक बाग से शनिवार को पॉलिथीन में लिपटे हाथ व पैर बरामद किए गए थे। इन अंगों को पोस्टमार्टम एवं डीएनए टेस्ट के लिए भेज दिया था। मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच सोमवार को झाड़ियों के पास कुएं से आ बदबू आ रही थी। वहां बकरी चराने पहुंची महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कुएं से पॉलिथीन के थैले को बाहर निकलवाया तो उसमें बिना हाथ-पैर का मानव शरीर मिला। देवेंद्र का परिवार डेढ़ दशक से बहादुरपुर (कोतवाली थाना क्षेत्र बलिया) स्थित मकान में रहता था। वह गांव में ही रहते थे। बड़ी बेटी अंजलि जयपुर में रहती है। दूसरी बेटी नोएडा और छोटी बेटी कोटा में परीक्षा की तैयारी करती है। दत्तक पुत्र विहान हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है।

# जहरीली शराब से 21 मौतें : हर तरफ आंसू... उजड़ा सुहाग, खोया बेटा, छिन गया पिता का साया

**अमृतसर, 13 मई (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर के कस्बा मजीठा में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या को 21 तक पहुंच गई, जिन परिवारों ने अपनों को खोया है उनका रो-रोकर बूरा हाल है। इस कांड की वजह से कई महिलाओं के सुहाग उड़ गए, कईयों ने अपने बेटे खोए तो किसी ने के सिर से पिता का साया उठ गया। बच्चे से लेकर बूढ़े व महिलाओं के आंसू थम नहीं रहे हैं। मजीठा में आंसुओं का सैलाब है। कस्बे के 21 लोगों की मौत से कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिवारों को आसपास के लोग और रिश्तेदार ढांढस बंधा रहे हैं, जिन लोगों ने भी यह त्रासदी देखी उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े। मरने वालों में गांव मराड़ी कला के रहने वाले मेजर सिंह, परमजीत सिंह, तसबीर सिंह, सुखविंदर सिंह, सरबजीत सिंह गांव पतालपुरी का रोमी और गंजू राम, गांव थरैयावा का करनैल सिंह, अजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, गांव भंगाली कला का इकबाल सिंह, रमनदीप सिंह, रोबिनजीत सिंह, बलबीर सिंह, राजा, गांव तलवंडी कुम्मन का अमरपाल सिंह, गांव करनाला का काका, गांव करनाला का गगन, गांव भंगाली कला का सतपाल सिंह और जोगिंदर सिंह शामिल है। इसके अलावा 10 लोग अस्पताल में दाखिल है और उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। वहीं इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और साथ ही लापरवाही बरतने के तहत मजीठा के डीएसपी अमोलक सिंह और थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर अवतार सिंह को तुरंत सस्पेंड कर दिया है। वहीं पकड़े गए आरोपियों के नाम साहिब सिंह, प्रभजीत सिंह, कुलबीर सिंह, निंदर कौर, साहिब सिंह, गुरजंट सिंह, अरुण उर्फ काला और सिकंदर सिंह उर्फ पप्पू है। इसके अलावा लुधियाना के पंकज कुमार उर्फ साहिल और अरविंद कुमार है। यह दोनों आरोपी लुधियाना को साहिल केमिकल्स के मालिक है। वहीं इस घटना के बाद मंगलवार को जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवारों के साथ मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को 10 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। साथ ही परिवार के बच्चों की पढ़ाई ओर अन्य सुविधाओं का ध्यान रखने का भी वायदा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं जांच के दौरान पता चला है कि ऑनलाइन 600 किलो मेथेनॉल मंगवाई गई थी, जिसके जरिये यह शराब तैयार की गई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम भी जारी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठिया पर तंज कसते हुए कहा कि उनके हलके में इस तरह का काम हो रहा है, क्योंकि वह स्वयं ड्रग रैकेट के मामले में जमानत पर चल रहे है। इस पूरे कांड के पीछे जिन भी बड़े मगहमच्छों का हाथ है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। वहीं इस पूरे कांड पर पूर्व विधायक बिक्रम सिंह मजीठिया ने आप सरकार व मुख्यमंत्री भगवंत को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों का नतीजा है कि इतने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। ठेकों पर महंगी शराब बेच कर सरकार पैसे कमा रही है, जिस कारण लोग सस्ती के चक्कर में जहरीली शराब पी रहे हैं। जबकि ठेकों पर शराब सस्ती की जानी चाहिए। मजीठिया ने कहा कि शराब ठेकेदारों की ओर से भगवंत मान को पार्टी करवाई जा रही है। यही कारण है कि वह अब उनके हाथों की कठपुतली है। वहीं विधानसभा में विपक्ष नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि मुख्यमंत्री रोज बयान दे रहा है कि नशे को खत्म कर दिया जा रहा है। मगर नतीजा उनके सामने है। इसलिए एक्साइज मंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

# बैग से नकदी चोरी करने वाली आरोपी महिला पकड़ी

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** शादी की खरीदारी करने आई महिला के बैग से तीन हजार रुपए की नगदी एक आरोपी महिला ने चोरी कर ली। पीड़िता ने चोरी करने वाली महिला को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है। जानसठ कस्बे के मोहल्ला शीशमहल निवासी शम्स जहरा अपनी व अपने बेटे फैज हैदर के साथ झांसी की रानी मार्किट में बेटे की शादी की खरीदारी करने के लिए आई थी। महिला शम्स जहरा का आरोप है कि मार्किट में एक महिला उसके बैग से तीन हजार रुपए चोरी कर लिए। इस बात का उसे जब आभास हुआ तो उसने महिला का हाथ पकड़ लिया, इस पर आरोपी महिला ने भागने की कोशिश की। आसपास के लोगों के आ जाने पर महिला के पास से तीन हजार रुपए की नगदी भी बरामद हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आयशा उर्फ सुरैया निवासी शाहबुद्दीनपुर रोड का चालान कर दिया। आरोपी महिला पहले भी कई बार जेल जा चुकी है।



## आचार संहिता उल्लंघन मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** वर्ष 2022 बुढ़ाना से विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक व विधायक राजपाल बालियान के खिलाफ अलग-अलग आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उक्त मामले में भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत चार को नामजद किया था। दोनों मामलों की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि गवाहों के न आने से दोनों मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी।

## गैंगस्टर में वांछित चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि थाने से गैंगस्टर में वांछित चल रहे आरोपी मारुफ खान निवासी रामपुर चुंगी रुड़की हरिद्वार, रेशू निवासी मोहल्ला चमारियान पुरकाजी व ताजिम निवासी रामपुर चुंगी रुड़की को गिरफ्तार किया गया है। उक्त गिरोह वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह के दो साथियों को पहले जेल भेज दिया गया था। इसके अलावा पुलिस ने बालिका के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी कुंडल उर्फ कुंदन निवासी रैदासपुरी को गिरफ्तार कर लिया है।

शेष : सीबीएसई में शौर्य रघुवंशी....

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद करीब दो बजे के बाद 10वीं कक्षा का भी परिणाम जारी हो गया, जिसके चलते देर सायं तक पब्लिक स्कूलों में ऐसे में चहल पहल दिखाई दी। जिला मुजफ्फरनगर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के12वीं कक्षा टॉप करने वाला छात्र ग्रामीण अंचल से सामने आया। लालूखेडी स्थित ज्ञानद्वीप पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले गांव मुकंदपुर निवासी शौर्य रघुवंशी ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद टाप कर इतिहास रच दिया। वहीं जनपद में दूसरे स्थान पर एसडी पब्लिक स्कूल छात्रा उत्तरा मलिक रही, जिन्होंने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जनपद में तीसरे स्थान पर 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ शारदेन स्कूल की छात्रा आन्या कुमार रही, जिसने प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में जिले की टॉपर एसडी पब्लिक स्कूल की छात्रा यतिका अरोरा रही, जिन्होंने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए स्कूल के साथ जिले का नाम रोशन किया। वहीं दूसरे स्थान पर एमजी पब्लिक स्कूल के आरव शर्मा रहे, जिन्होंने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जनपद में तीसरे स्थान पर 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीन छात्र-छात्राएं संयुक्त अंकों के साथ रहे, जिसमें होली एंजेल्स कांन्वेंट स्कूल की छात्रा अवनी श्रेयांस एवं एमजी पब्लिक स्कूल के छात्र अनंत जैन और एसडी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनसा अरोरा रही। बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण रहे मेधावियों ने अपनी सफलता के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ कड़ी मेहनत और अभिभावकों की ओर से इस बीच मिला सहयोग बताया। सफलता का परचम लहराने वाले इन मेधावियों के चेहरों पर भविष्य के सपनों को साकार करने के जज्बे के साथ उत्साह देखने को मिला।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो महिलाओं को मारी टक्कर

**सिखेड़ा, 13 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र की गंग नहर के काटका पुल के पास अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों महिलाएं घायल हो गई। मंगलवार की सुबह गांव तिस्सा निवासी पूजा अपनी सहेली काजल के साथ स्कूटी पर सवार होकर जानसठ किसी काम से जा रही थी, जब दोनों गंगनहर पर काटका पुल के पास पहुंची, तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों महिलाएं घायल हो गई। किसी ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों महिलाओं को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। पूजा की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## रामगंगा नदी पार कर रहा था परिवार, सात लोग डूबे

**हरदोई, 13 मई (एजेंसी)।** यूपी के हरदोई ज़िले के अरवल थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी के उस पार खेतों में काम करने के बाद घर लौट रहा परिवार नाव पलटने से नदी में समा गया। इसमें चार लोगों को बचा लिया गया, जबकि तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। अरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर चैन सिंह गांव में दिवारी लाल रहते हैं। पेशे से किसान दिवारी लाल के खेत पास ही बहने वाली रामगंगा नदी के दूसरे किनारे पर हैं। अक्सर वो खेतों में काम करने के लिए परिवार के साथ छोटी नाव (डोंगा) से उस पार चले जाते थे। सोमवार को भी वो परिवार के साथ खेत गए। शाम होने के बाद दिवारी लाल के साथ परिवार के छह अन्य सदस्य घर लौटने के लिए नाव में सवार हुए। किनारे पहुंचने से पहले ही नाव का संतुलन बिगड़ा और वो पलट गई। ग्रामीणों की सूचना पर अरवल पुलिस ने रात में ही फ्लड पीएसी की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान दिवारी लाल व उसकी बहन निर्मला, पत्नी सुमन, पुत्री काजल को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि भांजी सोनिया (13)और सुनैना (7) व शिवम (14) की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से घण्टों की मेहनत के बाद तीनों बच्चों के शव नदी से निकाल लिए। तीनों बच्चों की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है।

## कश्मीर पर मध्यस्थता स्वीकार नहीं, पीओके को खाली करे पाकिस्तान, भारत का सख्त संदेश

**नई दिल्ली, 13 मई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए हालिया सीजफायर के बाद अब भारत सरकार की ओर से विदेश मंत्रालय ने औपचारिक बयान जारी किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच सभी मुद्दों का समाधान केवल द्विपक्षीय वार्ता के जरिए ही किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पाकिस्तान को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को खाली करना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारा लम्बे अरसे से यही राष्ट्रीय पक्ष रहा है कि भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तरीके से ही हल करना है। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जैसा कि आप जानते हैं, लंबित मामला केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच 10 मई 2025 को 15.35 बजे शुरू होने वाली फोन कॉल पर समझौते की विशिष्ट तिथि, समय पर काम किया गया। इस कॉल के लिए विदेश मंत्रालय को पाकिस्तानी उच्चायोग से 12.37 बजे अनुरोध प्राप्त हुआ। तकनीकी कारणों से पाकिस्तानी पक्ष को भारतीय पक्ष से हॉटलाइन कनेक्ट करने में शुरूआती कठिनाइयां हुईं। इसके बाद 15.35 बजे भारतीय डीजीएमओ की उपलब्धता के आधार पर समय तय किया गया। उन्होंने आगे कहा कि आप निश्चित रूप से इस बात को समझेंगे कि 10 तारीख की सुबह हमने पाकिस्तानी वायुसेना के प्रमुख ठिकानों पर बेहद प्रभावी हमला किया था। यही कारण था कि वे अब गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने को तैयार थे। मैं स्पष्ट कर दूं यह भारतीय हथियारों की ताकत थी जिसने पाकिस्तान को अपनी गोलीबारी रोकने पर मजबूर किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्री द्वारा सीएनएन को दिए गए दावों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले हफ्ते ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर अपने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट होते देखा है। उसके बाद, हमने उसकी सैन्य क्षमताओं को काफी हद तक कम कर दिया और प्रमुख एयरबेसों को प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया।

## मामूली बात को लेकर छात्र के साथ मारपीट की

**सिखेड़ा, 13 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव जंधेडी में एक छात्र के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। स्वजन ने थाने में तहरीर देकर युवकों के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग की है। तनिष्क राठी पुत्र राजीव कुमार निवासी बाजिदपुर कवाल दसवीं कक्षा का छात्र है। सोमवार की शाम लगभग पांच बजे वह अपने दोस्त विदित कुमार पुत्र उत्तम सिंह निवासी गांव जंधेड़ी के यहां किताब लेने गया था। जैसे ही वह उसके घर के सामने पहुंचा, तो वहां पर मौजूद अक्षय और विनय पुत्रगण पंकज, यश पुत्र विकरण निशांत पुत्र बोबी ने उसके साथ बेल्ट और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह उनसे जान बचाकर वह वहां से भाग गया और पीवीआर 112 नंबर पर कॉल की। पुलिस वहां पहुंचकर छात्र को अपने साथ ले आई। स्वजन ने छात्र की मारपीट की तहरीर थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि छात्र के साथ मारपीट की तहरीर आई है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## आरोपित को लाइसेंसी बंदूक के साथ पकड़ा

**सिखेड़ा, 13 मई (बु.)।** गांव बेहड़ा अस्सा में चार दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक पक्ष से मारपीट करने तथा फायरिंग की एक वीडियो वायरल हुई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने नामजद आरोपी को लाइसेंसी बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। सिखेड़ा के गांव बेहड़ा अस्सा में दो पक्षों रणवीर पुत्र सुखबीर और जोगेन्द्र सिंह वर्मा एडवोकेट पुत्र धर्मवीर के बीच मकान के आगे बने रैम्प को लेकर विवाद चल रहा था। पिछले चार दिन पूर्व पुलिस ने दोनों पक्षों के द्वारा तहरीर देने पर थाने बुलाकर समझौता कराने का प्रयास किया था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हो सका था, जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ पाबंद मुचलके की कार्रवाई की थी। विगत शनिवार को दोनों पक्षों रणवीर और जोगेन्द्र वर्मा एडवोकेट के पक्षों में विवाद हो गया था। रणवीर व उसके पुत्र सुमित ने अपने साथियों के साथ मिलकर जोगेंद्र वर्मा एडवोकेट के घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग कर दी थी। इस दौरान किसी ग्रामीण ने मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी, जिसका सिखेड़ा पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया, तो पता चला कि रणवीर और उसके पुत्र सुमित ने जोगेन्द्र वर्मा एडवोकेट के मकान के आगे बने रैम्प को ट्रैक्टर से तोड़ दिया तथा अपने साथियों के साथ मिलकर जोगेन्द्र वर्मा एडवोकेट पक्ष के लोगों के साथ घर में घुसकर मारपीट करते हुए फायरिंग की। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद हमलावरों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने नामजद आरोपी रणवीर को लाइसेंसी बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, 13 मई (वार्ता)** पिछले 24 घंटों के दौरान मणिपुर में अलग-अलग स्थानों से तीन उग्रवादियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर पुलिस ने नवंबर 2024 में इम्फाल ईस्ट के हराओरो में आरएसएस कार्यालय पर हुए हमले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही थौबल जिले से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी-पीपुल्स वार ग्रुप केसीपी का एक कैडर भी पकड़ा गया है।

## गंगनहर में अज्ञात शव मिला, शिनाख्त नहीं हो सकी

**सिखेड़ा, 13 मई (बु.)।** सिखेड़ा क्षेत्र में चितौड़ा की गंगनहर की झाल में एक अज्ञात शव अटका हुआ मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार की सुबह राहगीरों ने सिखेड़ा पुलिस को सूचना दी कि चितौड़ा गंगनहर की झाल में एक अज्ञात शव अटका हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक के दाएं हाथ पर त्रिशूल का टैटू बना है। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मोदी ने आदमपुर एयर बेस का दौरा किया, जवानों से की बातचीत

**नयी दिल्ली 13 मई (वार्ता)** पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर सहमति के दो दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह पंजाब स्थित आदमपुर वायु सेना स्टेशन का दौरा किया और जवानों के साथ बातचीत की। पाकिस्तान ने 9 और 10 मई की दरमियानी रात आदमपुर वायु सेना स्टेशन को निशाना बनाने की असफल कोशिश की थी। बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के सुबह-सुबह वायु सेना स्टेशन पहुंचे श्री मोदी ने ऑपरेशन सिदूर के दौरान पाकिस्तान को बड़ा सबक सिखाने और उसकी नापाक हरकतों तथा दुस्साहस पर उसे दंडित करने के लिए जवानों साहस तथा वीरता की सराहना की। उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर चलाए गए ऑपरेशन सिदूर के बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई के तहत आदमपुर वायु सेवा स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश की थी। भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणाली ने इन हम लोग को पूरी तरह विफल कर दिया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री के आदमपुर दौरे की जानकारी दी और जवानों के साथ श्री मोदी की बातचीत का एक फोटो भी साझा किया। श्री मोदी ने पोस्ट में कहा, ''आज सुबह मैं वायु सेना स्टेशन आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला। साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही खास अनुभव था। भारत हमारे सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी रहेगा, क्योंकि वे हमारे देश के लिए हर काम करते हैं।''



# संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज 13 मई (वार्ता)** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि संभल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था। न्यायालय ने संभल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया। यह पुनरीक्षण याचिका उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद की गई, जिसमें संभल की दीवानी अदालत के समक्ष पूरी कार्यवाही के साथ मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती दी गई। याचिका में कहा गया है कि मुकदमा 19 नवंबर 2024 की दोपहर दाखिल किया गया था और कुछ ही घंटों के भीतर अदालत ने एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया। साथ ही उसे मस्जिद में प्रारंभिक सर्वेक्षण का निर्देश दिया, जो उसी दिन यानी 19 नवंबर को और फिर 24 नवंबर 2024 को किया गया था। अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि सर्वेक्षण की रिपोर्ट 29 नवंबर तक दाखिल की जाए। दीवानी अदालत ने 19 नवंबर को ही हिंदू पक्ष के इस तर्क को स्वीकार कर लिया कि मस्जिद मुगल सम्राट बाबर द्वारा 1526 में संभल में हरिहर मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी।

